हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय
(राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् 'ए' ग्रेड विश्वविद्यालय)
" प्रवेश परीक्षा अनुभाग"

समरहिल, शिमला–171005
दिनांक : 16 फरवरी, 2018

प्रेस नोट

**एमबीबीएस / बीडीएस / बीएएमएस / बीएचएमएस पाठ्यक्रमों में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट–यूजी) 2018 के माध्यम से शैक्षणिक सत्र–2018–19 के लिए प्रवेश हेतु सूचना ।**

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, दिल्ली द्वारा जारी प्रवेश सूचना के अनुसार सभी सम्बन्धित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि शैक्षणिक सत्र–2018–19 के लिए एमबीबीएस एवं बीडीएस पाठ्यक्रमों के लिए हिमाचल प्रदेश में स्थित सभी सरकारी एवं गैर–सरकारी मैडिकल एवं डैंटल कालेजों में दाखिला राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट–यूजी)-2018 की मैरिट के आधार पर किया जायेगा, जो कि केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, दिल्ली द्वारा **दिनांक 6 मई 2018 (रविवार)** को आयोजित की जायेगी । जिसके लिए आवेदन करने की ऑनलाईन प्रकिया केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, दिल्ली की वेबसाईट **www.cbseneet.nic.in** के माध्यम से दिनांक 08 फरवरी 2018 से शुरू हो चुकी है, जो दिनांक 09 मार्च 2018 तक जारी रहेगी । विस्तृत जानकारी के लिए सीबीएसई द्वारा जारी किए गए प्रौस्पैक्टस को देखें जो कि उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है । इसके दृष्टिगत एमबीबीएस एवं बीडीएस पाठ्यक्रमों में दाखिले हेतु हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा अलग से कोई प्रवेश परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दिल्ली द्वारा उक्त प्रवेश परीक्षा की मैरिट अखिल भारतीय रैंकिंग के आधार पर जारी की जाएगी तथा जो पात्र अभ्यर्थी उक्त प्रवेश परीक्षा को उतीर्ण करने के साथ–साथ एमबीबीएस एवं बीडीएस पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए राज्य एवं प्रबन्धकीय कोटे के अन्तर्गत दाखिले हेतु राज्य सरकार द्वारा निर्धारित पात्रता मानदंड को पूर्ण करेंगे उनसे उचित समय पर पृथक से ऑनलाईन आवेदन–पत्र आमन्त्रित किऐ जाएगें जिसके लिए सूचना कॉऊसलिंग प्रौसपैक्टस सहित निदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान, हिमाचल प्रदेश की वेबसाईट www.hp.gov.in/hpdmer तथा विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.admissions.hpushimla.in एवं **www.hpuniv.nic.in** पर उपलब्ध होगी । उक्त कॉऊसलिंग प्रौसपैक्टस राज्य सरकार के अनुमोदन **के उपरान्त** ऑनलाईन आवेदन–पत्र आमन्त्रित करते समय जारी किया जायेगा जिसमें एमबीबीएस एवं बीडीएस पाठ्यक्रमों में हिमाचल प्रदेश में स्थित सभी सरकारी एवं गैर–सरकारी मैडिकल एवं डैंटल कालेजों में 85 प्रतिशत राज्य एवं प्रबन्धकीय कोटे के अन्तर्गत दाखिले के बारे में पात्रता मानदंड, श्रेणीवार सीटों के विवरण सहित पूर्ण जानकारी प्रदान की जायेगी। बहरहाल, अभ्यर्थी अस्थायी रूप से पात्रता मानदंड के बारे में जानकारी पिछले वर्ष के प्रौसपैक्टस से प्राप्त कर सकते हैं, जो कि विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध हैं **और अभ्यर्थी निर्धारित समय के भीतर उक्त प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन करें** ।

उपर्युक्त के अतिरिक्त यह भी सूचित किया जाता है कि बीएएमएस / बीएचएमएस के पाठ्यक्रमों में दाखिले हेतु आयुष के निर्णय के अनुसार हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा अलग से कोई प्रवेश परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी। इसलिए बीएएमएस / बीएचएमएस के राजकीय व निजी महाविद्यालयों में दाखिले केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दिल्ली द्वारा जारी प्रवेश परीक्षा की मैरिट अखिल भारतीय रैंकिंग के आधार पर ही किए जाएगें जिसकी विवरण पुस्तिका राज्य सरकार के अनुमोदन के बाद ही जारी की जाएगी।

किसी भी जानकारी के लिए दूरभाष नम्बर 0177–2830891, 0177–2624895 से सम्पर्क कर सकते हैं। **एमबीबीएस, बीडीएस** एवं **बीएएमएस / बीएचएमएस** पाठ्यक्रमों में प्रवेश से सम्बन्धित सूचनाओं के लिए अभ्यर्थी उक्त वेबसाईटस तथा दूरभाष के सम्पर्क में रहे।

(डा. जे.एस. नेगी)
परीक्षा नियन्त्रक
दिनांक 16–2–2018

पृष्ठांकन संख्या.एचपीयू(नीट–यूजी)ईटी / 2018
प्रतिलिपि–

1– जन–सम्पर्क अधिकारी, हि. प्र. वि. शिमला–5 को इस अनुरोध के साथ कि वह उक्त प्रेस नोट को सम्बन्धित अभ्यर्थियों के सूचनार्थ विभिन्न समाचार–पत्रों में प्रकाशित करवाने की कृपा करें ।
2– निदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान, हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009 ।
3– निदेशक आर्युवेद, हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009
3– सचिव कुलपति, हि. प्र. वि. शिमला–5 ।
4– विशेष निजि सचिव कुलपति, हि. प्र. वि. शिमला–5 ।
5– निजि सचिव, अधिष्ठाता अध्ययन, हि. प्र. वि. शिमला –5 ।
6– विशेष निजि सचिव कुलसचिव / परीक्षा नियन्त्रक / वित अधिकारी हि.प्र.वि.शिमला–5 ।
7– प्रभारी ईन्टरनेट, संगणक केन्द्र, परीक्षा भाग तथा बी. टैक. संगणक केन्द्र हि. प्र. वि. शिमला–5 को इस निर्देश के साथ कि वे उक्त प्रेस नोट के साथ केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, दिल्ली द्वारा जारी उक्त प्रवेश सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाईटस www.hpuniv.nic.in & www.hpuniv.in पर अपलोड करें।